**भारत सरकार**

**परमाणु ऊर्जा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1826**

जिसका उत्तर दिनांक 03.07.2019 को दिया जाना है

## परमाणु ऊर्जा उत्पादन

1826. श्री मोहम्मद फैजल पी.पी. :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान परमाणु ईंधन आपूर्ति में सुधार के कारण विभिन्न परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में सुधार हुआ है; और

(ख) यदि हाँ, तो उक्त अवधि के दौरान परमाणु ऊर्जा उत्पादन का संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान अपेक्षित मात्रा में ईंधन उपलब्ध होने की वजह से नाभिकीय विद्युत संयंत्रों का प्रचालन उनकी निर्धारित क्षमता के अनुसार हुआ है । किसी भी वर्ष में विद्युत उत्पादन, ईंधन की उपलब्धता के अलावा विभिन्न मेंटीनेन्स गतिविधियों के लिए रिएक्टरों के योजनाबद्ध शटडाउन पर आधारित प्रचालन क्षमता पर निर्भर करता है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में विद्युत उत्पादन का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है ।

*******

**अनुलग्नक**

| राज्य | स्थान | यूनिट | क्षमता (मेगावाट) | वाणिज्यिक उत्पादन (मिलियन यूनिट, एमयू में)$ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2016 – 17 | 2017 – 18 | 2018-19 |
| महाराष्ट्र | तारापुर | टीएपीएस-1 | 160 | 1236 | 174 | 1322 |
| | | टीएपीएस -2 | 160 | 935 | 1001 | 937 |
| | | टीएपीएस -3 | 540 | 4159 | 3680 | 4354 |
| | | टीएपीएस -4 | 540 | 4530 | 2013 | 4154 |
| राजस्थान | रावतभाटा | आरएपीएस-1 | 100 | @ | @ | @ |
| | | आरएपीएस -2 | 200 | 1106 | 1555 | 959 |
| | | आरएपीएस -3 | 220 | 1618 | 1877 | 1550 |
| | | आरएपीएस -4 | 220 | 1936 | 1656 | 1820 |
| | | आरएपीएस -5 | 220 | 1715 | 1974 | 1720 |
| | | आरएपीएस -6 | 220 | 1096 | 1543 | 1986 |
| उत्तर प्रदेश | नरोरा | एनएपीएस-1 | 220 | 1655 | 1836 | 1498 |
| | | एनएपीएस -2 | 220 | 1724 | 1800 | 1664 |
| गुजरात | काकरापार | केएपीएस-1 | 220 | # | # | # |
| | | केएपीएस -2 | 220 | # | # | 1000 |
| कर्नाटक | कैगा | केजीएस-1 | 220 | 1742 | 1927 | 1600 |
| | | केजीएस -2 | 220 | 1708 | 1885 | 1939 |
| | | केजीएस -3 | 220 | 1063 | 1898 | 1662 |
| | | केजीएस -4 | 220 | 2021 | 1824 | 2016 |
| तमिल नाडु | कलपाक्कम | एमएपीएस-1 | 220 | 1465 | 1194 | & |
| | | एमएपीएस-2 | 220 | 1739 | 1781 | 1491 |
| | कुडनकुलम | केकेएनपीपी-1 | 1000 | 6212 | 4437 | 2797 |
| | | केकेएनपीपी-2 | 1000 | 13* | 4281 | 3345 |
| कुल उत्पादन (मिलियन यूनिट) | | | | 37674 | 38336 | 37813 |

*$ उत्पादन आंकड़ों को निकटतम पूर्णांक में दर्शाया गया है।*

*@आरएपीएस-1 तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन के लिए विस्तारित शटडाउन के अधीन है।*

*# केएपीएस-1 तथा 2 को 01 अगस्त 2016 से एनमास कूलेंट चैनल प्रतिस्थापन (ईएमसीसीआर) और एनमास फीडर प्रतिस्थापन (ईएमएफआर) गतिविधियों के लिए परियोजना मोड में लिया गया है। इन गतिविधियों के पूरा होने पर केएपीएस-2 को 22 सितंबर 2018 को और केएपीएस-1 को 24 मई, 2019 को ग्रिड के साथ जोड़ा गया।*

*&एमएपीएस-1 को 01 अप्रैल 2018 से एन्डशील्ड से संबंधित कार्यों के लिए परियोजना मोड में लिया गया।*

** इसके अलावा, केकेएनपीपी-2 ने वर्ष 2016-17 के दौरान 2327 मिलियन यूनिट इनफर्म बिजली का उत्पादन किया।*